# न्यायालय जिला कलेक्टर (आरबीट्रेटर) टोंक
(चिन्मयी गोपाल आई0ए0एस0 द्वारा अध्यासित)

प्रकरण संख्या 324/2013
प्रविष्टि दिनांक 28.05.2013

हनुमान पुत्र रामनारायण जाति मीणा निवासी सोहेला तहसील पीपलू जिला टोंक राज0

............ प्रार्थी

बनाम

1–सक्षम प्राधिकारी भूमि अवाप्ति,राष्ट्रीय राजमार्ग सं0 12 (अतिरिक्त जिला कलेक्टर) टोंक
2–परियोजना निदेशक, भारतीय राष्ट्रीय राज मार्ग प्राधिकरण, परियोजना इकाई, नेशनल हाइवे नं0 12 टोंक।
3–तहसीलदार पीपलू जिला टोंक

............ अप्रार्थीगण

**प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 3(जी) (5)राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956**

उपस्थित (1) श्री संजय कुमार जैन,अभिभाषक प्रार्थी
(2) श्री अभिषेक शर्मा, अभिभाषक अप्रार्थी संख्या–2

## निर्णय

दिनांक 25.07.2022

प्रार्थना पत्र का सारांश इस प्रकार है कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 12 के निर्माण मे ग्राम सोहेला तहसील टोंक की भूमि ख0नं0 999/4 मे से 300 वर्गमीटर का मुआवजा विपक्षीगण द्वारा गलत निर्धारण कर डीएलसी दर से कम दर पर निर्धारित किया गया है। प्रार्थी 200/– प्रति वर्गमीटर की दर,सडक व आबादी के पास की सिचिंत भूमि की दर से मुआवजा राशि प्राप्त करने का अधिकारी हैं। अतः अवार्ड 471/09 दिनांक 03.06.2010 को निरस्त कर 200/– प्रति वर्गमीटर की दर,सडक व आबादी के पास की सिचिंत भूमि का मुआवजा दिलवाया जावे।

प्रकरण दर्ज रजिस्टर कर तलबी अप्रार्थीगण की गई एवं अवार्ड पत्रावली 471/09 दिनांक 03.06.2010 तलब की गई एंव उभयपक्ष की बहस सुनी गई।

अभिभाषक अप्रार्थी संख्या 2 ने जवाब प्रार्थना पत्र मे अंकित किया कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 12 के निर्माण हेतु प्रार्थी की भूमि ख0नं0 999/4 मे से कुल रकबा 300 वर्गमीटर वाके ग्राम सोहेला में अवाप्त की गई है। अवाप्त भूमि का अधिनियम की धारा 3 ए के अन्तर्गत नोटिफिकेशन जारी होने के पश्चात प्रार्थी को 3 सी के अन्तर्गत आपत्ति प्रस्तुत करने का अवसर प्राप्त था, परन्तु प्रार्थी द्वारा कोंई आपत्ति प्रस्तुत नहीं की जिसके पश्चात धारा 3 डी के अन्तर्गत नोटिफिकेशन जारी

Signature Not Verified
Digitally signed by Chinmayee Gopal
Date: 2023.02.04 16:29:24 IST
Reason: SelfAttested



न्यायालय जिला कलेक्टर सत्यमेव जयते टोंक (राजस्थान)

आर्बिट्रेटर N.H.–12
(जिला कलेक्टर)
टोंक (राज.)

किया गया तथा भूमि अन्तिम रूप से केन्द्र सरकार मे निहित हो गई। प्रार्थी को नोटिस जारी किया गया था, परन्तु प्रार्थीगण द्वारा कोई आपत्ति प्रस्तुत नही की है। सक्षम प्राधिकारी द्वारा बाजार भाव का आकंलन सब रजिस्टार द्वारा प्राप्त बाजार भाव मौके पर भूमि की स्थिति उपयोगिता का ध्यान रखते हुये मुआवजे की राशि का निर्धारण किया गया है। जमीन की किस्म बारानी राजस्व रिकार्ड मे अंकित थी। प्रार्थी आस–पास की भूमि के प्रयोग एंव उपयोग के अनुसार मुआवजा निर्धारित करवाने का अधिकारी नही है। सक्षम प्राधिकारी द्वारा सर्म्पूण तथ्यो को मध्यनजर रखते हुये अवार्ड जारी किया है जो उचित है। अतः प्रार्थना पत्र खारिज योग्य है।

हमने बहस अभिभाषक प्रार्थी व अभिभाषक अप्रार्थी संख्या–2 सुनी। जवाब/मौखिक बहस का अवलोकन किया तथा पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात अवार्ड पत्रावली का ध्यानपूर्वक अध्ययन किया। सक्षम प्राधिकारी भूमि अवाप्ति अधिकारी राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 12 अति0 जिला कलेक्टर टोंक द्वारा प्रार्थी की भूमि ख0न0 999/4 मे से 300 वर्गमीटर,किस्म जमीन बारानी वाके ग्राम सोहेला का अधिनियम की धारा 3 (ए) व 3 (डी) अनुसार मुआवजे का निर्धारण नियमानुसार किया गया है। प्रार्थी द्वारा अवाप्तशुदा भूमि का मुआवजा 200/– प्रति वर्गमीटर की दर,सडक व आबादी के पास की सिचिंत भूमि की दर से चाहा गया है,परन्तु प्रार्थी द्वारा इस बाबत कोई साक्ष्य–सबूत प्रस्तुत नही किया गया है। प्रार्थी द्वारा अपने प्रार्थना पत्र मे अंकित किया है कि उक्त भूमि बिजली,पानी,सडक टेलिफोन,स्कूल,मजिस्द,मन्दिर सभी प्रकार की व्यवसायिक दुकाने आदि समस्त सुविधा युक्त है। प्रार्थी द्वारा उक्त भूमि व्यवसायिक है,इस बाबत संपरिर्वतन आदेश भी प्रस्तुत नही किया है। अतः प्रार्थना पत्र सारहीन व तथ्यहीन होने से खारिज किया जाता है। तलबिदा रिकार्ड मय निर्णय प्रति सक्षम प्राधिकारी भूमि अवाप्ति राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–12 अतिरिक्त जिला कलेक्टर, टोंक को प्रेषित किया जावे।

निर्णय आज दिनाक 25.07.2022 को खुले न्यायालय मे सुनाया गया।

(चिन्मयी गोपाल)
आरबीट्रेटर एन.एच.–12
जिला कलेक्टर
टोंक

कार्यालय जिला कलेक्टर
सत्यमेव जयते
टोंक (राजस्थान)

Signature Not Verified

Digitally signed by Chinmayee Gopal
Date: 2023.02.04 16:29:24 IST
Reason: SelfAttested